DATE :- 29-10-2025
DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

**मेट्रो प्रोजेक्ट** • मजूरागेट सेक्शन पर मेट्रो का डबल गर्डर लॉन्चिंग ऑपरेशन शुरू

# मजूरागेट में फ्लाईओवर के ऊपर मेट्रो का 36 मीटर लंबा पहला गर्डर लॉन्च

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो परियोजना के तहत लाइन-1 के ड्रीम सिटी से कादरशाह नी नाल तक के 11 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड सेक्शन के मंजूरा गेट जंक्शन पर मंगलवार को एक अहम इंजीनियरिंग उपलब्धि दर्ज की गई। यहां पहली बार दो गार्डर को एक साथ लॉन्च करने का ऑपरेशन शुरू हुआ, जिसमें पहला गार्डर सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया। यह फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर लॉन्च किया गया है। इस गर्डर की लंबाई 36 मीटर है।



▪ **नए प्रयोग से सुरक्षा जोखिम भी कम होगा** | आमतौर पर मेट्रो परियोजना में गार्डरों को एक-एक कर लॉन्च किया जाता है, लेकिन मजूरागेट पर यह प्रयोग, इसलिए खास है, क्योंकि यहां का स्पान छोटा (36 मीटर) है। इस कारण दोनों गर्डरों को एक साथ लॉन्च करने से न सिर्फ काम की गति बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षा जोखिम भी कम होगा।